दिन–शुक्रवार | दिनांक– 18 / 07 / 2025

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः– अपराह्न 02:00 बजे से। | अवधि – 05 मिनट

---

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अपने संबोधन में कहा कि यूपीए के दस वर्षों के शासनकाल में बिहार को सिर्फ दो लाख करोड़ रूपये उपलब्ध कराये गये थे। वहीं, एनडीए के दस वर्षों में बिहार को कई गुना ज्यादा पैसा दिया गया है। श्री मोदी ने कहा कि इससे राज्य में विकास कार्यों को आगे बढ़ाने में मदद मिली है। प्रधानमंत्री ने राजद और कांग्रेस पर बिहार के विकास की गति को बाधित करने का आरोप लगाया। श्री मोदी ने कहा कि एनडीए के शासनकाल में विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं से महिलाओं, युवाओं और किसानों को लाभ हो रहा है। इस अवसर पर श्री मोदी ने इकसठ हजार से अधिक स्वयं सहायता समूहों को चार सौ करोड़ रूपये की राशि डीबीटी के माध्यम से भेजी। वहीं, पीएम ने ग्रामीण आवास योजना के तहत बारह हजार से अधिक लाभार्थियों का गृह प्रवेश कराया।

———————————————————————

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने इससे पहले पूर्वी चंपारण ज़िले के मोतिहारी में सात हजार दो सौ करोड़ रुपये से अधिक लागत की कई विकास परियोजनाओं का शिलान्यास और उद्‌घाटन किया। ये विकास परियोजनाएं रेल, सड़क तथा ग्रामीण विकास, मत्स्य पालन, इलेक्ट्रॉनिक्स और सूचना प्रौद्योगिकी क्षेत्रों से संबंधित हैं। प्रधानमंत्री ने राजेंद्र नगर से नई दिल्ली, दरभंगा से गोमतीनगर– लखनऊ, भागलपुर के रास्ते मालदा टाऊन से गोमतीनगर–लखनऊ और मोतिहारी से आनंद विहार टर्मिनल के बीच चार नई अमृत भारत ट्रेनों को वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से रवाना किया। इस अवसर पर राज्यपाल आरिफ मोहम्मद खान, मुख्यमंत्री नीतीश कुमार, केंद्रीय मंत्री गिरिराज सिंह, राजीव रंजन सिंह उर्फ ललन सिंह, चिराग पासवान, उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी और विजय कुमार सिन्हा के साथ अन्य गणमान्य लोग उपस्थित थे।

———————————————————————

निर्वाचन आयोग ने कहा है कि बिहार में विशेष गहन पुनरीक्षण अभियान के तहत अब तक सात करोड़ आठ लाख से अधिक गणना प्रपत्र प्राप्त हो चुके हैं, जो कुल

मतदाताओं का नवासी दशमलव सात प्रतिशत है। पुनरीक्षण अभियान में अब केवल सात दिन बचे हैं। राज्य में मतदाता–सूची का प्रारूप एक अगस्त को प्रकाशित किया जाना है। आयोग ने कहा है कि जो लोग अस्थाई रूप से राज्य से बाहर चले गए हैं, वे भी आयोग की वेबसाईट या ईसीआईनेट ऐप पर अपना फॉर्म जमा करा सकते हैं। मतदाता आयोग की वेबसाईट या ईसीआईनेट ऐप पर अपने आवेदन–फॉर्म की स्थिति की जानकारी भी ले सकते हैं।

---

सुप्रीम कोर्ट ने जमीन के बदले नौकरी घोटाला मामले में राजद अध्यक्ष लालू प्रसाद के खिलाफ ट्रायल कोर्ट की कार्यवाही पर रोक लगाने से इंकार कर दिया है। हालांकि अदालत ने लालू प्रसाद को ट्रायल कोर्ट की कार्रवाई में व्यक्तिगत तौर पर उपस्थित होने से छूट प्रदान कर दी है। राजद प्रमुख ने जमीन के बदले नौकरी घोटाला मामले में दिल्ली हाईकोर्ट के उस आदेश को सुप्रीम कोर्ट में चुनौती दी थी, जिसमें हाईकोर्ट ने ट्रायल कोर्ट की कार्रवाई पर रोक से इंकार कर दिया था।

---

पिछले चौबीस घंटों के दौरान शेखपुरा और पटना जिले के कुछ स्थानों में भारी बारिश दर्ज की गयी है। वहीं, प्रदेश के अन्य भागों में हल्की से मध्यम बारिश रिकॉर्ड की गई। मौसम विभाग से प्राप्त जानकारी के अनुसार शेखपुरा में सबसे अधिक बानवे दशमलव छह मिलीमीटर बारिश दर्ज की गई। वहीं, पटना के फतुहा में बानवे दशमलव चार, खुशरूपुर में चौंसठ दशमलव चार और बिहटा में तिरेपन दशमलव दो मिलीमीटर बारिश रिकॉर्ड की गई। विभाग ने बीस जुलाई को प्रदेश के सीवान, सारण, गोपालगंज, भागलपुर, जमुई और खगड़िया में वज्रपात के साथ तेज बारिश का ऑरेंज अलर्ट जारी किया है। इस दौरान तीस से चालीस किलोमीटर प्रतिघंटे की रफ्तार से हवा चलने की भी संभावना है।

---

प्रदेश के दक्षिणी हिस्सों और झारखंड में हुई भारी बारिश के बाद गयाजी, जहानाबाद और नालंदा जिले में फल्गु, जिराईन और पंचाने समेत कई नदियां उफान पर हैं। नालंदा के बिंद, एकगंरसराय और बिहारशरीफ में कई जगह पर तटबंधों के क्षतिग्रस्त होने से दर्जनों गांव बाढ़ की चपेट में आ गये हैं। इधर, जहानाबाद के घोसी

में फल्गु नदी का तटबंध क्षतिग्रस्त होने से आस–पास के इलाकों में पानी फैल गया है। दरधा नदी का पानी जहानाबाद शहर के निचले इलाकों में भी प्रवेश कर गया है।

———————————————————————————————

इसके साथ ही आकाशवाणी, पटना से प्रसारित प्रादेशिक समाचार का ये अंक समाप्त हुआ।